भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *70 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024/8 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

राजस्थान में पत्तन का निर्माण

†*70. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के बाडमेर जिले के बाखासर में एक कृत्रिम नहर का निर्माण करके पत्तन विकसित करने के लिए कोई योजना / स्कीम बनाई गई है,

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा बनाई गई नीति / कार्यनीति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का राजस्थान में विकास का नया आयाम स्थापित करने के लिए यथाशीघ्र पत्तन विकसित करने का विचार है:

(घ) यदि हां, तो इसे कब तक पूरा किए जाने की संभावना है, और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"राजस्थान में पत्तन का निर्माण" के संबंध में श्री उम्मेदा राम बेनीवाल द्वारा पूछे गए दिनांक 29.11.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *70 के उत्तर के भाग (क) से (ङ) तक में संदर्भित विवरण

(क) से (ङ): जी हां। राजस्थान सरकार ने बाडमेर जिले के बाखासर के पास भवतारा में पत्तन के विकास पर पूर्व व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने राष्ट्रीय जलमार्ग- 48 (जवई-लूनी नदियों और कच्छ का रण) की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की है तथा दिनांक 01.10.2024 को पत्तनों, जलमार्गों एवं तटों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केन्द्र (एनटीसीपीडब्ल्यूसी), आईआईटी मद्रास को जलमार्ग का गणितीय मॉडलिंग तैयार करने का कार्य सौंपा है। पत्तन के विकास के लिए आगे की कार्रवाई गणितीय मॉडलिंग के परिणाम पर निर्भर होगी।

*****